RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 286 | नागौर, 23 सितम्बर, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## अध्यक्ष का पद विचारधारा का पद, चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल बोले- मैं अपने रुख पर कायम हूं

नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार बढ़ती जा रही है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी को एक बार फिर से पार्टी का अध्यक्ष पद संभालना चाहिए। कई राज्य समितियों की ओर से राहुल गांधी को फिर से अध्यक्ष बनाने को लेकर प्रस्ताव पारित हो चुके हैं। इन सबके बीच राहुल गांधी ने आज एक बार फिर से अध्यक्ष चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है। राहुल ने साफ तौर पर कहा है कि अध्यक्ष का पद एक संगठन का पद नहीं बल्कि अध्यक्ष का पद विचारधारा का पद है। कांग्रेस एक परिवार है और मैं अपने रुख पर कायम हूं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जांच एजेंसियों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ हम लड़ रहे हैं।

राहुल ने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। विनाशकारी बेरोजगारी है और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। ये चिंताएं सभी पदयात्रियों को प्रोत्साहित करती रहती हैं और परस्पर जुड़ी हुई भी हैं। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी मशीन से लड़ रहे हैं जिसने इस देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा कर लिया है, जिसमें असीमित धन और लोगों को खरीदने, दबाव बनाने और धमकाने की क्षमता है। उसका नतीजा वही है जो आपने गोवा में देखा है। राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा पर कहा कि यात्रा की सफलता कुछ विचारों पर आधारित है। पहला विचार यह है कि एक भारत अखंड खड़ा है, अपने आप से युद्ध में नहीं है, अपनों से नाराज़ नहीं है, नफरत से भरा नहीं है। यह(यात्रा) कुछ ऐसा है जिसकी अधिकांश भारतीय लोग सराहना करते हैं और पसंद करते हैं।

इसके साव राहुल ने आगे कहा कि दो अन्य विचार भी हैं जो यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। एक है बेरोजगारी का स्तर, जिसका सामना आज भारत कर रहा है। तीसरा मुद्दा कीमतों का है। ये तीन विचार हैं जो यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं और प्रोत्साहित कर रहे हैं। ये विचार आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यात्रा को लोगों को यह बताने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि उन्हें एकजुट होने और एक ऐसे भारत में वापस जाने की आवश्यकता है जो अपने आप में प्रेमपूर्ण और स्नेही था।



## पायलट के सवाल पर गहलोत बोले- ये नाजुक फैसला

पायलट को सीएम बनाने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि जो हालत राजस्थान के अंदर हैं, हाईकमान उसकी स्टडी करेगा और देखेगा कि विधायकों की क्या भावना है। यह ध्यान रखना होगा कि हम अगला चुनाव जीतें, क्योंकि अब कांग्रेस के पास बड़ा राज्य राजस्थान ही है। हमारे लिए यह फैसला बहुत नाजुक फैसला भी होगा और बहुत सोच-समझकर लेना पड़ेगा।

### दो पद अध्यक्ष को जस्टिफाई नहीं कर सकते

गहलोत ने कहा कि आज तक इतिहास में कोई कांग्रेस अध्यक्ष साथ में मुख्यमंत्री नहीं रहा है, इसलिए स्वाभाविक है कि जो प्रश्न उठते हैं, उसी आधार पर हम लोग भी फैसला करेंगे। गहलोत ने कहा कि मुख्य विपक्षी की भूमिका में कांग्रेस में फिर से जान डालने के लिए काम करना है, फिर आप दो पद कैसे रख सकते हैं। अब सवाल आता है कि एक



व्यक्ति-एक पद लागू नहीं होता, फिर भी अध्यक्ष बनने वाले को सोचना होगा कि वह दो पद कैसे रखेगा, वह अध्यक्ष पद को जस्टिफाई नहीं कर पाएगा। पायलट के नाम पर ऐतराज होने के सवाल पर गहलोत ने कहा, मैं किसी के नाम की न चर्चा करता हूं और न कर रहा हूं। हमें यह देखना है कि कौन आए, जिससे मैसेज जाए कि पार्टी एकजुट है और हम किसी भी कीमत पर सरकार रिपीट करें। इससे अन्य राज्यों में भी पार्टी फिर से खड़ी हो।

## जम्मू-कश्मीर में राजस्थान का लाल शहीद : बॉर्डर से दुश्मनों पर रख रहे थे नजर, अचानक गिर पड़े

झुंझुनूं.



जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान झुंझुनूं का एक और जवान शहीद हो गया। हवलदार नरेश सिंह आर्मी की 7 पैरा एसएफ यूनिट में कुपवाड़ा स्थित चौकीबल में पोस्टेड थे। गुरुवार को वे गश्त के दौरान बेहोश हो गए। उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी परवेज हुसैन ने बताया कि नरेश सिंह झुंझुनूं शहर के बगड़ इलाके के रहने वाले थे। गुरुवार सुबह 168 रू॥ द्रुमुला पर गश्त के दौरान वे बेहोश हो गए थे। गुरुवार शाम तक पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ था। आर्मी हेडक्वार्टर से आए संदेश के अनुसार, शहीद नरेश का पार्थिव देह 24 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे झुंझुनूं पहुंचेगी। उनका दाह संस्कार बगड़ में किया जाएगा।

आर्मी हेडक्वार्टर से आए संदेश के अनुसार, पार्थिव देह 24 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे झुंझुनूं पहुंचेगी। उनका दाह संस्कार बगड़ में किया जाएगा।

आर्मी हेडक्वार्टर से आए संदेश के अनुसार, पार्थिव देह 24 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे झुंझुनूं पहुंचेगी। उनका दाह संस्कार बगड़ में किया जाएगा।

नरेश के बड़े भाई सुरेश सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे फोन आया तो पता चला कि शहीद हो गए हैं। नरेश के फूफेरे भाई ने बताया कि नरेश की पोस्टिंग इसी माह तक आगरा में थी। 5-6 दिन पहले ही वे झुंझुनूं आए थे। उसी दिन श्रीनगर के लिए रवाना हो गए। 5-6 दिन पहले ही उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर हो गई थी। नरेश की पत्नी सुदेश और बच्चे मानवी (11) व नमन (7) आगरा में ही रहते हैं।

## पीएफआई पर एनआईए-ईडी का शिकंजा, 106 गिरफ्तार

### आतंक के लिए पैसे से लेकर ट्रेनिंग देने तक... 13 राज्यों में छापे



नई दिल्ली।

नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने गुरुवार आधी रात से 13 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कई ठिकानों पर छापेमारी की, जो अब तक जारी है। टेरर फंडिंग केस में हो रही इस कार्रवाई में पीएफआई से जुड़े 106 सदस्यों को अरेस्ट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरफ्तार होने वालों में संगठन प्रमुख ओमा सालम भी शामिल है।

एनआईए और ईडी की यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी और राजस्थान में चल रही है। इधर, कार्रवाई के बीच गृह मंत्रालय में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में एनएसए अजीत डोभाल, गृह सचिव अजय भल्ला और एनआईए के महानिदेशक मौजूद रहे।

### छापेमारी के विरोध में सड़क पर उतरे पीएफआई कार्यकर्ता

एनआईए, ईडी छापेमारी खिलाफ पीएफआई के कार्यकर्ता केरल के मल्लपुरम, तमिलनाडु के चेन्नई, कर्नाटक के मंगलुरु में सड़कों पर उतर आए हैं। केरल में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम भी किया, जिसे हटाने के लिए पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग किया। इधर, पीएफआई ने बयान जारी करते हुए कहा है कि आवाज दबाने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है।

### क्यों पड़ी छापेमारी, 3 वजहें...

01 राज्यों में टेरर फंडिंग करने का आरोप- एनआईए अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और हैदराबाद में आतंकी गतिविधि बढ़ाने के लिए भारी संख्या में टेरर फंडिंग की गई है। लिंक खंगालने के बाद जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की गई है।

02 ट्रेनिंग कैंप लगाने का आरोप- सूत्रों के मुताबिक एनआईए को सूचना मिली कि कई राज्यों में पिछले कुछ महीनों से पीएफआई बड़े स्तर पर ट्रेनिंग कैंप लगा रही है। इसमें हथियार चलाने की ट्रेनिंग देने के साथ लोगों का ब्रेनवॉश भी किया जा रहा था।

03 फुलवारी शरीफ का लिंक- जुलाई में पटना के पास फुलवारी शरीफ में मिले आतंकी मॉड्यूल को लेकर भी छापेमारी की गई है। फुलवारी शरीफ में पीएफआई के सदस्यों के पास से इंडिया 2047 नाम का 7 पेज का डॉक्यूमेंट भी मिला था।

### एनआईए-ईडी की जयपुर सहित 4 जिलों में रेड, पीएफआई के दफ्तर से किताबें-दस्तावेज बरामद

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और इससे जुड़े लोगों, संस्थानों पर एनआईए पूरे देश में एक साथ सर्च ऑपरेशन चला रही है। राजस्थान, बिहार, यूपी सहित कई राज्यों के करीब 100 से अधिक ठिकानों पर यह रेड जारी है। इस सिलसिले में पीएफआई के राजस्थान हेड आसिफ को केरल से गिरफ्तार कर लिया गया है। उदयपुर से 2 और कोटा-बारां से एक-एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। खास बात यह है कि एनआईए को बच्चों को टेरर ट्रेनिंग देने के इनपुट भी मिले हैं।

जयपुर में लाल कोठी के पास पीएफआई कार्यालय में सर्च किया गया। इस दौरान एनआईए को यहां से दस्तावेज, झंडे और किताबें मिली हैं। सूत्रों के मुताबिक बारां जिले से सादिक शराफ को भी राउंडअप किया गया है। जयपुर में अभी 3 जगहों पर सर्च चल रहा है।

इस कार्रवाई में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के साथ इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट(ईडी) भी शामिल है। हालांकि एनआईए या ईडी की ओर से इस सिलसिले में अभी तक कोई ऑफिशियल जानकारी साझा नहीं की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पीएफआई के खिलाफ टेरर फंडिग और कैम्प चलाने के इनपुट एनआईए को मिले हैं। उसी के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पीएफआई और उससे जुड़े लोगों के घर और कार्यालय जांच एजेंसियों के निशाने पर हैं। वहां सर्च की जा रही है।


इसी क्रम में राजस्थान के बारां में एनआईए की 40 सदस्यों की टीम नगर परिषद कार्यालय में रुकी हुई है। टीम के साथ ईडी, सीआरपीएफ और लोकल पुलिस मौजूद है। वहीं, कोटा में भी एनआईए की टीम कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## ईरान में हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन

## हिंसक झड़पों में अब तक 31 की मौत महिलाओं के साथ पुरुष भी सड़कों पर उतरे

तेहरान।

ईरान में 16 सितंबर से शुरू हुआ हिजाब के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। महिलाओं के साथ पुरुष भी प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। अब ये 15 शहरों में फैल गया है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें भी हो रही हैं। आंदोलन कर रहे लोगों को रोकने के लिए पुलिस ने गोलियां चलाईं। गुरुवार को फायरिंग में 3 प्रदर्शनकारियों की मौत हुई। 5 दिन में मरने वालों की तादाद 31 हो गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं। यह मामला 13 सितंबर को शुरू हुआ। तब ईरान की मॉरल पुलिस ने 22 साल की युवती महसा अमिनी को हिजाब न पहनने के आरोप में गिरफ्तार किया। 3 दिन बाद यानी 16 सितंबर को उसकी लाश परिवार को सौंपी गई। सोशल मीडिया के जरिए मामला लोगों तक पहुंचा और अब तक यह विवाद 31 लोगों की जान ले चुका है।






## 10 दिनों की मैराथन सुनवाई के बाद हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला रखा सुरक्षित



सुप्रीम कोर्ट में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को बरकरार रखने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सर्वोच्च न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को बरकरार रखते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम अपीलकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने आज दलील देते हुए कहा कि जो लोग आस्तिक हैं उनके लिए हिजाब आवश्यक है। जो आस्तिक नहीं हैं उनके लिए यह आवश्यक नहीं है।

## प्रदेश में मानसून फिर एक्टिव

जयपुर।



राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से भले ही मानसून विदा हो गया हो, पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में अब भी अच्छी बारिश हो रही है। ऐसा बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बनने के कारण है। भरतपुर, जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के 12 से ज्यादा जिलों में कल भी बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस सिस्टम का असर अगले 2 दिन और रह सकता है। इसके कारण इन इलाकों में बरसात का दौर जारी रहेगा।

चूरू जिले की तारानगर तहसील के गांव चलकोई में बुधवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से ससुर-बहू घायल हो गए। इस दौरान खेत में बैठी करीब 20 से ज्यादा बकरियों की मौत हो गई।

मौसम केंद्र जयपुर से मिली रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात धौलपुर में हुई, जहां 119एमएम (4 इंच से ज्यादा) पानी बरसा। तेज बारिश से धौलपुर कस्बे में जगह-जगह पानी भर गया। धौलपुर शहर के अलावा राजाखेड़ा, सैंपऊ, बसेड़ी और मनिया एरिया में भी अच्छी बरसात हुई। तेज बारिश का दौर भरतपुर, करौली में भी देखने को मिला।

## क्रिकेट मैच के टिकट के लिए मारामारी हैदराबाद में मची भगदड़; पुलिस ने भांजी लाठियां

नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे टी20 क्रिकेट मैच के टिकट के लिए जबरदस्त मारामारी देखने को मिली। हैदराबा जिमखाना ग्राउंड में ऑफलाइन टिकट खरीदने के लिए उमड़ी भीड़ में अचानक भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। इसके बाद स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। बताया जा रहा है कि भगदड़ और लाठीचार्ज में कम से कम 26 लोग घायल हो गए हैं। बता दें कि 25 सितंबर को राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीसरा टी20 मैच खेला जाना है।

हैदराबाद क्रिकेट असोसिएशन ने ऐलान किया था कि जिमखाना ग्राउंड में 3 हजार ऑफलाइन टिकट बेचे जाएंगे। इसके बाद सुबह से ही यहां 30 हजार क्रिकेट फैन इकट्ठा हो गए। अडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस डीएस चौहान के मुताबिक टिकट काउंटर पर कतार बनवाने के के लिए क्रिकेट असोसिएशन ने ठीक से प्रबंध नहीं किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि भीड़ में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसके बाद भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। कुछ लोग बेहोश होकर गिर पड़े जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल थीं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अब वे सभी खतरे से बाहर हैं।

उन्होंने कहा, जब भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया तो अतिरिक्त पुलिस बल भेजना पड़ा और लोगों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

## सम्पादकीय

# छवि बनाम लोकतंत्र

**कांग्रेस** में अध्यक्ष पद के लिए जिस तरह की जद्दोजहद चल रही है, उससे यही लगता है कि देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एक नाजुक दौर से गुजरने के बावजूद पार्टी कोई स्पष्ट रुख तय नहीं कर पा रही है। गौरतलब है कि अगले महीने सत्रह तारीख को होने वाले चुनाव में कांग्रेस का अगला अध्यक्ष चुना जाना है। अब तक यही माना जा रहा था कि चुनाव की औपचारिकता का निर्वाह करने के लिए चाहे जो किया जाए, मगर पार्टी की कमान परोक्ष रूप से सोनिया गांधी या राहुल गांधी के ही हाथों में रहेगी। मगर अब जिस तरह कुछ नेताओं के इस चुनाव में उतरने के संकेत मिल रहे हैं, उसमें यह कहा जा सकता है कि पार्टी अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ती और परिवारवाद के आरोपों में रूढ़ हो चुकी छवि से मुक्त होने की कोशिश करती दिख रही है। अभी तक कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं, यानी शशि थरूर और अशोक गहलोत के चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन इस बीच कई राज्यों की कांग्रेस कमिटियों की ओर से राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए जिस प्रस्ताव पारित किए गए हैं, उसका असर चुनाव में किसी भी उम्मीदवार की स्थिति पर निश्चित तौर पर पड़ेगा।

दरअसल, अध्यक्ष पद पर अन्य नेताओं की उम्मीदवारी की वजह यह लग रही है कि राहुल गांधी के इस पद को संभालने के लिए तैयार होने को लेकर कोई स्पष्ट स्थिति नहीं बन पा रही है। अब तक यही कहा जा रहा है कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे, मगर पार्टी के एक धड़े की ओर से उन्हें इसके लिए तैयार करने की कोशिशें जारी हैं। इसलिए यह देखने की बात होगी कि चुनाव और नतीजों की आखिरी तस्वीर क्या होगी।

लेकिन इस बीच खासतौर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उम्मीदवारी के संकेत के बाद यह सवाल उठा है कि अगर पार्टी में 'एक व्यक्ति एक पद' का नियम लागू है तो उनके मामले में क्या मानदंड अपनाए जाएंगे। इस मसले पर अशोक गहलोत की दलील है कि यह खुला चुनाव है और इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। सवाल है कि अगर किन्हीं स्थितियों में वे इस पद के लिए चुन लिए जाएं तो राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने को लेकर उनका रुख क्या होगा! इस मुद्दे पर अभी जैसी अस्पष्टता है, वह पार्टी की सैद्धांतिक प्रतिबद्धता के दावे को कसौटी पर रखती है। यह छिपा नहीं है कि पिछले कई सालों से देश के राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की स्थिति कमजोर हुई है और इसके लिए पार्टी के ढांचे में परिवारवाद के हावी होने को जिम्मेदार माना जाता है। इस धारणा की वजह यह भी है कि कांग्रेस मुख्यधारा के राजनीतिक पटल पर फिलहाल यह संदेश में कामयाब नहीं रही है कि वह पार्टी को एक परिवार में केंद्रित संचालन से बाहर करेगी।

शायद यह भी एक वजह हो कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद संभालने को लेकर हिचक रहे हैं। उनके पीछे हटने की खबरों के बीच शशि थरूर और गहलोत की उम्मीदवारी से भी यही जताने की कोशिश की जा रही है कि पार्टी का आंतरिक ढांचा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से तय होता है। लेकिन यह भी सच है कि पार्टी में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लंबे समय के बाद हो रहा है। जो हो, अगर मौजूदा खींचतान को पद की महत्त्वाकांक्षा के लिए टकराव के तौर पर देखा गया तो यह धारणा भी बन सकती है कि नाजुक समय में भी पार्टी में एकता का भाव नहीं पैदा हो पा रहा है, ताकि वह मौजूदा वक्त की चुनौतियों का सामना संगठित तरीके से कर सके।

# जरूरी है राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति

**लॉजिस्टिक पॉलिसी के तहत एक डिजिटल संरचना विकसित की जा रही है, जिसे यूलिप-यूनिफाइड लॉजिस्टिक इंटरफेस पोर्टल- का नाम दिया गया है। इसमें लॉजिस्टिक से संबंधित सरकारों के विभिन्न विभागों के बीच में सामंजस्य स्थापित किया जाना है। जिस प्रकार डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई संरचना है, उसी तरह यह यूलिप भी काम करेगा। इसके तहत स्टार्टअप कंपनियां अलग-अलग एप बना सकती हैं, जिनका इस्तेमाल लॉजिस्टिक उद्योग की कंपनियां या कार्यरत लोग कर सकते हैं। अभी तक यह हो रहा था कि यूनिफाइड प्रक्रिया नहीं होने से केवल बड़ी लॉजिस्टिक कंपनियां ही कुछ जरूरी सुविधाएं व सेवाएं मुहैया कराती थीं। जैसे अगर आपको ट्रक की आवाजाही के बारे में पता लगाना हो, तो इस सेवा के लिए आपको बहुत अधिक मूल्य चुकाना होता था। यूलिप बनने से यह होगा कि कोई कंपनी इस सुविधा का इस्तेमाल कर सामान्य ट्रक कारोबारियों और वेयरहाउसों को भी मामूली शुल्क पर इस तरह की सेवाएं आसानी से दे सकती है।**

**पहली** बार देश में राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति लायी गयी है। एक साल पहले प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना शुरू की गयी थी। सड़क, रेल, जलमार्ग आदि जो इंफ्रास्ट्रक्चर हैं, वे अलग-अलग मंत्रालयों के अधीन हैं, उनके बीच में सहकार बढ़ाना इस योजना का मुख्य फोकस है। वह योजना फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए है। लॉजिस्टिक पॉलिसी गति शक्ति योजना का अनुपूरक है क्योंकि विकास के लिए विभिन्न नीतियों, नियमों, केंद्र व राज्य सरकारों की इंसेंटिव योजनाओं आदि तथा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के बीच में तालमेल और सुगमता भी जरूरी है। यूलिप में वाहनों की स्थिति, आयात-निर्यात से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी जैसी कई सुविधाएं सस्ते में उपलब्ध हो सकेंगी। इसके कई लाभ होंगे। मान लें कि कोई ट्रक सामान लेकर कहीं जा रहा है, तो वह यूलिप के जरिये यह पता लगा सकेगा कि वापसी में भी उसे ढुलाई मिल सकती है या नहीं। पांच-दस ट्रक रखने वाली कंपनी भी अपने ग्राहक को यह सुविधा दे सकेगी कि वह जान सके कि उसका सामान कहां तक पहुंचा है।

इस तरह छोटे कारोबारी भी बड़ी कंपनियों के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। साथ ही, क्षमता में भी वृद्धि होगी। अक्सर यह पता नहीं चल पाता है कि खाली कंटेनर कहां उपलब्ध है। महामारी के दौर में यह समस्या बहुत गंभीर हो गयी थी। कुछ शिपिंग कंपनियां कंटेनर की कमी का फायदा उठाकर मुनाफा भी कमाने में लगी थीं। यूलिप प्रणाली में सभी कंटेनरों की स्थिति दर्ज रहेगी। खाली कंटेनर किस यार्ड में हैं, यह भी जाना जा सकेगा। राज्य सरकारों के साथ तालमेल बेहतर करने के लिए राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पॉलिसी में यह प्रावधान किया गया है कि राज्य स्तर पर भी एक समिति होगी, जो जिला स्तर तक संबंधित गतिविधियों को देखेगी। लॉजिस्टिक के मामले में राज्यों की प्रमुख भूमिका होती है। दो अहम लॉजिस्टिक गतिविधियों- सड़क यातायात ट्रैकिंग और वेयरहाउसिंग- के सारे नियम लागू करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है। पॉलिसी के प्रावधानों और दिशा-निर्देशों को लागू करना या नहीं करना राज्य सरकारों के ऊपर है क्योंकि इन्हें अनिवार्य नहीं बनाया गया है। इस नीति में एक सूचकांक की व्यवस्था भी है, जिसके तहत लॉजिस्टिक सुविधाओं व सेवाओं के आधार पर राज्य सरकारों की रैंकिंग की जायेगी। इस तरह मानकों का निर्धारण कर तथा उत्साहवर्धन का उपाय किया है कि अगर आप इन्हें लागू करेंगे, तो आपकी रैंकिंग अच्छी होगी, जिससे आपके यहां निवेश और कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

केंद्र और राज्य के बीच सहकार व सामंजस्य के लिए भी व्यवस्था की गयी है। इस नीति को चार सालों की मेहनत के बाद तैयार किया गया है और इस प्रक्रिया में लॉजिस्टिक सेक्टर में सक्रिय तमाम लोगों से चर्चा की गयी है। देश की संघीय व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए बेहतर उपायों को इस नीति में शामिल किया गया है। जैसे-जैसे यह नीति लागू होती जायेगी और जो अनुभव सामने आयेंगे, उनके आधार पर बाद में जरूरी बदलाव भी किये जा सकेंगे। यह नीति सफल तभी होगी, जब राज्य सरकारें उत्साह के साथ इसके प्रावधानों को अपनायेंगी। नीति में जो सुझाव और निर्देश दिये गये हैं,



उन्हें लागू करना राज्यों पर निर्भर होगा। यूलिप बहुत ही ताकतवर माध्यम है। जिस प्रकार यूपीआई ने डिजिटल लेन-देन से भुगतान की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है, वही संभावना यूलिप में है। आज छोटे दुकानदार से लेकर आम आदमी तक यूपीआई का इस्तेमाल कर रहा है।

यूलिप के तहत लॉजिस्टिक में भुगतान, दस्तावेज, सूचना तथा सरकारी विभागों के इंटरफेस जैसी तमाम सुविधाओं और सेवाओं को आसानी से पाया जा सकेगा। कुछ समय बाद हम देखेंगे कि लॉजिस्टिक के क्षेत्र में कार्यरत छोटे कारोबारी और कामगार, जैसे- ट्रक चालक, टेम्पो ड्राइवर, वेयरहाउस ऑपरेटर आदि भी इसका फायदा उठायेंगे। लॉजिस्टिक के हिसाब से देखें, तो भारत एक विशेष देश है क्योंकि जो बड़े देश या अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनसे हमारी स्थिति अलग है। उन देशों में आर्थिक गतिविधियां कुछ खास इलाकों में सीमित हैं। उदाहरण के लिए, चीन में समुद्र तटों के आसपास ही अधिकांश उद्योग और शहर स्थापित हैं। ब्राजील में भी यही स्थिति है। हमारे देश में अलग-अलग हिस्सों में अर्थव्यवस्था का विस्तार है। हमारी आबादी भी देशभर में बसर करती है। ऐसे में अगर हम वस्तुओं को ग्राहकों तक पहुंचाना चाहते हैं, जो अर्थव्यवस्था के विकास के लिए अनिवार्य शर्त है, तो हमें पूरे देश को जोड़ना होगा। इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक का विस्तार बहुत जरूरी है।

इसलिए राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पॉलिसी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। इसके तहत जो मानक और निर्देश तैयार हुए हैं, उनके लागू होने से लॉजिस्टिक का पूरा परिदृश्य बदल जायेगा। जैसे, इसके तहत निर्धारित कंटेनरों के आकार को लें, तो वही कंटेनर ट्रक से ढोया जा सकेगा और उसे रेलगाड़ी पर भी लादा जा सकेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। इस तरह के संरचनात्मक बदलावों को ऊपर से नहीं थोपा जा सकता है। अगर कोई नियम बना दिया जाए और कहा जाए कि सभी को इसका पालन करना होगा, तो हंगामा मच जायेगा। वैसी नीति की सफलता भी संदिग्ध हो जाती है। हमें दिशा-निर्देशों और स्तरीय सुझावों के साथ धीरे-धीरे सुधार की ओर बढ़ना होगा। इस नीति का लक्ष्य भी क्रमिक सुधार का है। केंद्र और राज्य सरकारों के सहकार और समन्वय से यह नीति अगर कारगर होती है, तो लॉजिस्टिक के क्षेत्र में अच्छे परिणाम सामने आयेंगे।

## नागौर आस-पास

# सामाजिक राष्ट्रीय महासम्मेलन में भाग लेने रावणा राजपूत समाज के सैकड़ों लोग आज जाएंगे जोधपुर

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को जोधपुर में मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर आयोजित सामाजिक राष्ट्रीय महासम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए कुचामन शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में रावणा राजपूत समाज के लोग जोधपुर रवाना होंगे। रावणा राजपूत विकास समिति कुचामनसिटी के अध्यक्ष भवंर सिंह भवाद व जिला सचिव महावीर सिंह चांपावत ने बताया कि जगदीश सिंह भाटी जिला संगठन मंत्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान नागौर के आदेशानुसार कुचामन तहसील क्षेत्र से अलग-अलग समूह में रावणा राजपूत विकास समिति कुचामनसिटी के अध्यक्ष भवंर सिंह भवाद, जिला सचिव महावीर सिंह चांपावत डेगाना सहित लगभग दस निजी समूह स्तर पर अपने निजी वाहनों से ट्रेन से जोधपुर के लिए रवाना होंगे। जिला संगठन मंत्री भाटी, भवंर सिंह सांखला लिचाणा, रामेश्वर सिंह प्रेमपुरा, गोपाल सिंह चौहान पांचवा, बद्री सिंह भाटी लिचाणा, विजय सिंह शेखावत कुचामन, भवंर सिंह चौहान कुचामन, श्याम सिंह चौहान आनंदपुरा, राजेन्द्र सिंह बाघेला मंडावरा, सहित क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में प्रात: 7 बजे नारायणपुरा रेलवे स्टेशन से जोधपुर के लिए रवाना होंगे।

# पुलिस की गाड़ी देखकर बीच सड़क पर बजरी खाली कर भागे ट्रक चालक

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** बीती रात मेगा हाइवे पर गश्त कर रही परबतसर पुलिस की गाड़ी को देखकर अवैध बजरी ले जा रहे ट्रक चालकों में खलबली मच गई। मंगलाना के पास आगे चल रहे बजरी से भरे डम्पर चालक पुलिस गाड़ी को देखकर घबरा गये तथा बजरी से भरे ट्रक को बीच रास्ते में एक के बाद एक खाली करके भाग निकले। पुलिस ने डम्पर चालक को रोकने के लिए मंगलाना नाकाबंदी करवाई, लेकिन पुलिस की नाकाबदी से बचकर ट्रक चालक देवली के कच्चे रास्तों से भागने में सफल हो गये। बजरी से भरे तीन से चार ट्रक ने डारापुरा से लेकर आगे एक किलोमीटर हाईवे पर बजरी खाली करते हुए भाग गए। मेगा हाइवे पर बजरी डालने से यातायात व्यवस्था में व्यवधान हो गया। बाद में रिडकोर कम्पनी को सूचना के बाद जेसीबी की सहायता से बजरी को सड़क किनारे कर यातायात व्यवस्था सुचारू की गई।



# दाऊदसर के ग्राम सहकारी समिति में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम दाऊदसर के ग्राम सहकारी समिति में गुरुवार को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार संचालक मंडल के चुनाव 12 सितंबर को हुए, जिसमें सभी वार्डो में संचालक मंडल के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें अध्यक्ष गोपाल सिंह रावणा राजपूत व उपाध्यक्ष जीवाराम चौधरी बने। वहीं संचालक सदस्य भागीरथ थोरी, बनवारी लाल शर्मा, महेंद्र मेघवाल, खेताराम स्वामी,



गोपाल शर्मा, तिलोक माली, महावीर प्रसाद सेन, रामेश्वर एचरा सहित दो महिला सभी निर्विरोध निर्वाचित हुये। इस मौके पर दाऊदसर सरपंच इमरान खान, पूर्व सरपंच शौकत अली, मोनाराम कड़वा, रामदेव जाखड़, भंवर लाल शर्मा, भंवरलाल सूबेदार मौजूद रहे।







## आज का राशिफल

### मेष
आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है।

### वृषभ
चिंता के बोझ से राहत मिलने से स्फूर्ति और उत्साह का अनुभव करेंगे। भावुकता के प्रवाह में ज्यादातर समय कल्पना में रहेंगे। परिजनों की तरफ विशेष ध्यान देंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन होगा।

### मिथुन
थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ की मुलाकात होगी। व्यापार में अनुकूल वातावरण रहेगा।

### कर्क
आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे- संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट-सौगात की प्राप्ति होगी। मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है। आनंददायक प्रवास होगा। धन लाभ होगा।

### सिंह
आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद तथा संघर्ष खड़ा हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें।

### कन्या
आज लाभ का दिन है। व्यापार- धंधे में विकास के साथ- साथ आय भी बढ़ेगी। नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख-संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी, पुत्र और बुजुर्गों की ओर से लाभ होगा।

### तुला
परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों द्वारा काम की सराहना होगी और वे आपके प्रेरणास्रोत बनेंगे।

### वृश्चिक
आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे। उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें।

### धनु
आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा, अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। धन खर्च में वृद्धि होगी।

### मकर
आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने- जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे। आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

### कुंभ
व्यापार में प्रगति कर सकेंगे। भागीदारी से भी लाभ होगा। आय के विविध स्रोतों से आर्थिक प्रवाह आपकी तरफ प्रवाहित होता रहेगा। समाज में आपकी ख्याति बढ़ेगी। काम में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

### मीन
आज किए गए काम में आपको यश, कीर्ति और सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आपके विचार और व्यवहार में भावुकता अधिक रहेगी।

# पट्टे की बात को लेकर आयुक्त श्रवणराम व पार्षदों में फिर टकराव, थाने तक पहुंचा मामला

## 2 कर्मचारियों ने 2 कांग्रेस पार्षदों के खिलाफ दी थाने में शिकायत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** नगर परिषद आयुक्त श्रवणराम चौधरी व पार्षदों के बीच चल रही उठापटक खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा विवाद गुरूवार को फिर हो गया जो थाने तक जा पहुंचा। दरअसल गुरूवार को सरला बिड़ला कल्याण मण्ड्पम के पास स्थित अम्बेडकर भवन में प्रशासन शहरों के संग अभियान का कैम्प लगा था। यहां वार्ड 9 के पार्षद बूंदू अली न्यारिया अपने वार्ड के किसी व्यक्ति के पट्टे लिए पहुंचे। इस दरमियान फाइल पर आपत्ति होने के कारण आयुक्त ने पट्टा जारी करने से मना कर दिया। पार्षद बूंदू अली व आयुक्त के बीच इस बात को लेकर तू-तू, मैं-मैं हो ही रही थी तभी वार्ड 36 से पार्षद फजलू रहमान कुरैशी की भी इसमें एन्ट्री हो गई। अब पार्षद फजलू रहमान कुरैशी व आयुक्त के बीच जमकर नोक-झोंक शुरू हो गई। बात काफी आगे बढ़ी तो आयुक्त ने पार्षद कुरैशी को 2 मिनट में पुलिस बुलाने की धमकी दे डाली। इसके बाद पार्षद नाजिया खान, पार्षद जवानाराम रैगर, पार्षद प्रतिनिधि शंकर मोहनपुरिया, पार्षद शाहरूख बड़गुर्जर, पार्षद फारूख कलाल, पार्षद अनिल सिंह मेड़तियां, पार्षद बाबूलाल कुमावत, पार्षद चेतन गुर्जर व पार्षद बबलू सिखवाल सहित अन्य पार्षद भी वहां पहुंच गए।

इसके बाद पार्षद फजलूरहमान कुरैशी पुलिस बुलाने की बात को लेकर आयुक्त से अड़ गए। करीब डेढ बजे शुरू हुआ यह ड्रामा साढे चार बजे तक चला। अंत में कुचामन पुलिस की अम्बेडकर भवन में एन्ट्री हुई तथा पुलिस ने पार्षदों को फटकार लगाई।

### एससी-एसटी के दो कर्मचारियों ने की शिकायत

जानकारी के अनुसार नगरपालिका के एएससी-एसटी समुदाय के दो कार्मिक विकास व कनवरलाल ने पुलिसथाना कुचामनसिटी शिकायत दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक इस संबंध में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### इनका कहना है -



'पट्टे की फाइल के बारे में पूछा तो ईओ श्रवणराम तेश में आ गए। कहा तुझे 2 मिनट में अंदर टिका दूंगा। तेरी औकात नहीं मेरे से बात करने की। प्रशासन शहरों के संग लूटमार चल रही है। नगर परिषद में जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। अपने दलित कर्मचारियों को भेजकर मेरे खिलाफ शिकायत करवाई है।'

**फजलू रहमान कुरैशी**
**पार्षद, कुचामनसिटी।**



'गलत पट्टा बनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। मकान में कोई दूसरा रह रहा है व पट्टा किसी दूसरे के नाम बनाना चाह रहे हैं। नियमानुसार जो पट्टा होगा उसे ही जारी करेंगे। दो पार्षद हंगामा कर रहे थे। कर्मचारियों के साथ बदसलूकी कर रहे थे इसलिए थाने में रिपोर्ट दी है।'

**श्रवणराम चौधरी**
**आयुक्त, नगर परिषद कुचामनसिटी।**



# ट्रक की टक्कर में डेगाना के झगड़वास के व्यक्ति की मौत

## मृतक सब्जी बेच करता था परिवार का गुजारा

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना नगरपालिका के झगड़वास गांव निवासी प्रकाश चंद राव पुत्र शेतानराम उम्र 55 साल की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक बुटाटी धाम से दर्शन कर वापस अपने गांव लौट रहा था, जिसकी रेण फाटक के पास ट्रक से कुचले जाने से मौत हो गई। प्रकाश अपने परिवार का इकलौता कमाऊ था। परिजनों ने बताया कि प्रकाशचंद बुधवार को बूटाटी धाम चतुरदास महाराज के फेरी लगाने गया हुआ था, जहां से बूटाटी दर्शन कर अपने गांव वापस आने के लिये रेण कस्बे की एनएच 58 स्थित रेल फाटक के पास किनारे खड़ा होकर अपनी गांव की बस का इंतजार कर रहा था। अचानक से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़े प्रकाशचंद को अपनी चपेट मे ले लिया, जिससे प्रकाशचंद की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई श्रवणराम ने इस हादसे की रिपोर्ट थाने मे दर्ज करवाई और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। हादसे की सूचना मिलते ही रेण पुलिस चौकी इंचार्ज रामप्रकाश माली मय जब्ता मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सौंपा। इस पर गुरुवार सुबह 9 बजे एंबुलेंस से शव को झगड़वास लाया गया। पार्षद नोरतराम ने बताया की मृतक प्रकाशचंद के दो लड़के और एक लडकी है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। हादसे की सूचना से पूरे गांव मे शौक का माहौल छा गया तथा हादसे की मिली सूचना से परिवार में मातम छा गया। रिर्पोट के आधार पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया, लेकिन चालक मोके से फरार होने में सफल हो गया, जिसको पकड़ने का पुलिस प्रयास कर रही है।

# चेनाराम चोयल बने ग्राम सेवा सहकारी समिति चांदारूण के अध्यक्ष



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना की ग्राम पंचायत चांदारुण में गुरुवार को ग्राम सेवा सहाकारी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुवे। इसमें सभी पंचायत के 12 वार्डो के निर्वाचित सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुये अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिये निर्विरोध चुनाव संपन्न करवाये। निर्वाचन अधिकारी चेनाराम बांगडा ने बताया की ग्राम पंचायत चांदारुण मे चांदारुण व मिठडिया ग्राम के निर्विरोध चुने हुए वार्ड सदस्यों वार्ड 1 से हरिराम पुत्र लिछमण राम, 2 से कालूराम पुत्र पूनाराम, 4 से राधाबल्लभ पुत्र रामपाल, 5 से सुमन पत्नी रामेश्वर लाल, 6 से चेनाराम पुत्र बालूराम, 8 से राधाकिशन पुत्र पांचाराम, 9 से ओमप्रकाश पुत्र लक्ष्मीनारायण, 10 से जीवण राम पुत्र धन्नाराम, 11 से थानाराम पुत्र पूसाराम ओर वार्ड नंबर 12 से मोतीराम पुत्र धुलाराम ने गुरुवार को ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद हेतू चेनाराम चोयल पुत्र धन्नाराम मिठडिया व उपाध्यक्ष पद पर केलाश कंवर पत्नी रामसिंह चांदारुण को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भोपाल सिंह, खेमाराम पटवारी, महावीर सिंह, पटवार संघ अध्यक्ष रामकुमार विश्नोई, व्यवस्थापक मंजीत सिंह, बाबुखां लूहार, कालू सिंह, हरिसिंह, मिस्सा राम, रामनिवास भाकर, ओमनाथ, जेनाराम, रामेश्वर लाल, बनवारी लाल,मलाराम सहित चांदारुण व मिठडिया के ग्रामवासियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया।

# डेगाना छात्रसंघ अध्यक्ष संजय काला ने थामा भाजपा का हाथ

## जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिलाई सदस्यता



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना पूर्व सहकारिता मंत्री व डेगाना के पूर्व विधायक अजय सिंह किलक गुरुवार को डेगाना विधान सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके जयपुर आवस पर मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री किलक ने बताया कि डेगाना कॉलेज के छात्र संघ चुनाव में विजेता अध्यक्ष संजय काला को पूर्व मुख्यमंत्री ने दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। पंचायत समिति सदस्य हनुमान जाजुन्दा ने जानकारी देकर बताया कि इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष काला के साथ सैकड़ों युवाओं ने भी पूर्व मंत्री रहे अजयसिंह किलक के नेतृत्व मे भाजपा का दामन थामा, जिनका पूर्व मुख्य मंत्री राजे ने स्वागत कर नागौर जिले में समान विचारधारा के युवाओं को भाजपा से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेंवारी दी। कार्यक्रम में किलक ने पूर्व मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुवे आगामी विधानसभा के चुनावों को लेकर चर्चा की तथा जनप्रतिनिधियों का परिचय कराया। इसमें पंचायत समिति सद्स्य हनुमान जाजूंदा, भामाशाह सुखराम धूण, राजेन्द्र ईनाणिया, रणजीत डूडी, जितेन्द्र जाजुन्दा, ओम प्रकाश मूवाल, नेमाराम गोदारा बरना सहित लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्यों में गति लाने पर दिया जोर, जिम्मेदारियों का दिलाया एहसास : राठौड़

## बीडीओ राठौड़ की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** विकास कार्यों में गति देने के लिए गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारियों व कनिष्ठ लिपिको का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बीडीओ ने विकास कार्यों में गति लाने पर पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों को निष्ठा व मेहनत से कार्य करने व ग्राम पंचायत में उपस्थित रहकर गांव के विकास की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। विकास अधिकारी राठौड़ ने राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड समीक्षा बैठक करते हुए विकास अधिकारी को उनका कर्त्तव्य बताया। विकास अधिकारी राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2022-23 में पुर्नोत्थान राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड को नवीन प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य है। सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से संबंधित 9 थीमों के निष्पादन को पुरूस्कार का मुख्य आधार बनाया गया है। इस पुरूस्कार प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महानरेगा एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता रामदेव खदाव, एमआईएस मैनेजर नरेश सैनी, ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण गोपाल शर्मा, रमेशचंद मीणा, रामलाल, हंसराज मीणा, रामकरण चोटिया, राजूमल मीणा, कनिष्ठ लिपिक घासीराम मेघवाल, जितेंद्र वर्मा, दुर्गादेवी, रामस्वरूप खंदोलिया, ओमप्रकाश, लोकेश मीणा आदि मौजूद थे। इससे पूर्व बीडीओ राठौड़ द्वारा की गई बैठक में मौजूद ग्राम विकास अधिकारियों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में समय से अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यों को पूर्ण करने के लिए जागरूक किया।

# मकराना में लंबे इंतजार के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के वार्ड नंबर 27 से लेकर मालियों की ढाणी पूर्व सरपंच स्वर्गीय गोपीराम के घर की तरफ से बनने वाली सीसी रोड का निर्माण कार्य सुचारू रूप से पीडब्ल्यूडी एईएन मंगलाराम चौधरी की देखरेख में शुरू हुआ। इस दौरान मंगलाराम चौधरी ने बताया कि रोड का कार्य किसी भी तरीके से बाधित ना हो, ना ही किसी प्रकार की कोई लापरवाही हो इसका हम पूरा ख्याल रख रहे हैं। वही समाज सेवक मोहम्मद हयात गैसावत ने बताया की रोड का कार्य अब तक पूरी तरीके से पीडब्ल्यूडी की देखरेख व ठेकेदार की जिम्मेदारियों के साथ चल रहा है किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसके लिए मोहल्ले वासी भी पूरा सहयोग दे रहे हैं।

वही उपसरपंच प्रवीण चौहान मौके पर पहुंचे चौहान ने बताया कि जैसे ही सीसी रोड का कार्य खत्म होगा उसके बाद साइडों में जो जगह बच रही है वहां ब्लॉक का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। हमारी कोशिश रहेगी इधर रहने वाले व आने जाने वाले लोगों को किसी भी तरीके की कोई असुविधा ना हो।

# विधायक बेनीवाल ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

हुकमाराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान विधानसभा में खींवसर विधानसभा क्षेत्र के कुड़छी ग्राम में तीन लोगो की हुई हत्या के मामले को विधानसभा में उठाते हुए खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल व मेड़ता विधायक इंदिरा देवी बावरी ने प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी करके कार्यवाही करने की मांग की। वहीं खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल ने नागौर जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था के मामले की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक ने इस पुरे मामले में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। और कहा कि इस मामले में सरकार बिलकुल ही संवेदनशील नही है। सरकार को तुरन्त इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करके आमजन के प्रति अपनी संवेदना का परिचय देना चाहिये। दोषी कोई भी बचना नही चाहिये। जिसको लेकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। आरोपी के खिलाफ 307 का प्रकरण 15 दिन पहले ही दर्ज हो चूका था परिवादियों द्वारा बार बार पुलिस को सुचना देने के बावजूद उसकी आरोपी की कोई गिरफ्तारी नही हुई उसी का ही नतीजा रहा की उस आरोपी ने एक ही परिवार के 3 लोगो की उनके उपर गाड़ी चढ़ाकर निर्मम हत्या कर दी। नागौर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत ख़राब है शीघ्र इस मामले में संवेदनशील रुख अपनाकर आरोपियों को सलाखों के पीछे भिजवाकर बावरी समाज के पीड़ित परिवार को न्याय दिलावे। जिसमे सरकार तत्परता दिखाये।

# मतदाता सूची में दो जगह नाम वालों पर होगी कार्यवाही

## उपखण्ड अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर को दिये निर्देश

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम सुनील कुमार की अध्यक्षता में 80 प्रतिशत से कम आधार सीडिंग वाले बीएलओ व सुपरवाईजर की बैठक का आयोजन उपखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सुनिल कुमार, तहसीलदार रामधन विश्नोई, नोडल अधिकारी तथा निर्वाचन शाखा के कार्मिक मौजूद रहे। बैठक में एसएसआर 2023 की गतिविधियों तथा आधार सीडिंग की प्रगति समीक्षा की गई तथा नियमानुसार स्वैच्छिक आधार सीडिंग करवाने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम ने बताया कि एक मतदाता का नाम देश, राज्य के किसी एक ही निर्वाचन क्षेत्र भाग में रह सकता है अत: वे मतदाता जिनका नाम देश, राज्य के अलग-अलग भागों में है। वे अपना नाम एक जगह रखकर अपना वेरिफिकेशन आयोग के निर्देशानुसार करवाए । अन्यथा ऐसे मतदाताओं को जल्द ही चिन्हित किया जाकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 17,18 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा के युवा नेता धनंजय सिंह ने पुलिस प्रशासन पर किए सवाल खड़े

## कुड़छी गांव में एक ही परिवार के चार लोगों ने गाड़ी से कुचलने का मामला

हुकमाराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले के खींवसर थाना इलाके के कुड़छी गांव में बुधवार देर शाम एक परिवार पर चार लोगों ने जायलो गाड़ी से ताबड़तोड़ हमले करने से तीन जने की मौत हो गई। वहीं इस मामले को लेकर दिनभर गतिरोध जारी है। वही एक महिला का जोधपुर में उपचार चल रहा है। घटना के बाद सैकड़ों संख्या में बाबरी (चौकीदार)समाज के लोग पीड़ित के समर्थन में आकर मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन व पीड़ित पक्ष के बीच पांच बार वार्ता होने के बाद भी सहमति नहीं बन पाई है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि पहले आरोपीयों की गिरफ्तार की जाए। दूसरी मांग पीड़ित को सरकार से पचास लाख रुपए व नौकरी दी जाए। इसके बाद ही पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।दोनों मांगों को लेकर शाम तक फिलहाल गतिरोध जारी रहा। वही दूसरी ओर से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। डिप्टी विनोद कुमार सींपा द्वारा टीम गठित करने के बाद जगह-जगह दबिश जारी हैं। फिर भी पुलिस के हाथ खाली रहे। शाम को वार्ता पर सहमति नहीं बनने के कारण आक्रोशित बावरी समाज के लोगों ने पुलिस थाने के बाहर टेंट लगाकर धरना दे दिया। वही अपनी मांगों को लेकर धरना स्तर पर मांग करने लगे। इस दौरान धरने में विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में बावरी समाज के लोग मौजूद रहे।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर किए सवाल

भाजपा के युवा नेता धनंजय सिंह खींवसर ने पुलिस थाने के पास बावरी समाज के धरने पर पहुंचकर उनकी मांगों को सुना। उनकी मांगे जायज बताई। धरने पर खींवसर ने पुलिस के अधिकारियों को बुलाकर वार्ता की। इस दौरान धरने स्थल पर नागौर डिप्टी विनोद कुमार सींपा पहुंचे। खींवसर ने पुलिस अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहां कि अगर 15 दिन पहले साजन राम के मामले की पुलिस गंभीरता से लेती तो आज यह देखने को नहीं मिलता।एक साथ एक ही परिवार में तीन की मौत होने पर दुख जताया। कहां कि पुलिस की लापरवाही यह घटना हुई है। खींवसर विधानसभा क्षेत्र बिल्कुल शांत एरिया है। पुलिस की कार्यप्रणाली पर खींवसर ने सवाल खड़े कर दिए। खींवसर ने कहा कि 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस अब तक कह रही है कार्रवाई की जा रही है लेकिन अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार तक नहीं कर पाई। पुलिस अधिकारियों के सामने शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग रखी। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। इसके बाद खींवसर ने धरने पर पीड़ित पक्ष से मिलकर आश्वासन दिया। खींवसर ने कहा कि आपकी दो मांगे वाजिब हैं। इसके बारे में उच्च अधिकारियों से भी बात करूंगा।



### 26 घंटे में नहीं हुआ शव का पोस्टमार्टम

21 सितंबर शाम को एक ही परिवार के चार जनों ने जायलो गाड़ी दौड़ा कर चार जनों को कुचल दिया। घटना पर मनीराम पुत्र भगवानाराम जाति बाबरी उम्र 40 साल निवासी कुड़छी व पूजा पत्नी पूरण भाटी जाति बावरी उम्र 22 साल निवासी कुड़छी की मौत हो गई। वहीं तीसरे में गंभीर घायल मुकेश पुत्र मनीराम ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। इस घटना में अब तक पिता व पुत्र व पुत्र वधू की मौत हो गई। दो जनों का शव खींवसर सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया है। 26 घंटे बाद भी शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। वहीं एक महिला गेकू देवी का जोधपुर में उपचार चल रहा है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

मामले में सीओ विनोद कुमार का कहना है कि मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, वहीं मुख्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस की टीमें द्वारा लगातार जगह-जगह दबिश दी जा रही हैं। शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा...नहीं चलेगा : मीणा

## सामाज को जागरूक होकर 2023 में ताकत दिखाने की जरूरत

सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक और आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद के आदेशानुसार सम्पूर्ण देश-प्रदेश में सामाजिक न्याय यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है। नागौर में कार्यक्रम मकराना से शुरू किया गया, इसमें आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कतार सिंह मीणा के नेतृत्व में ज़िले की विभिन्न तहसील नावां, कुचामन, मकराना, परबतसर, खींवसर में रैली का कार्यक्रम आयोजित करके समाज को जागरूक होकर 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां को बाहर का रास्ता दिखाकर गरीब दलित शोषित वंचित किसान, मजदूर, महिला, मुस्लिम, पिछड़ा समाज हितों की बात करने वाली आजाद समाज पार्टी के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मीणा ने कहा कि अब वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा...नहीं चलेगा बल्कि वोट हमारा राज हमारा खूब चलेगा...खूब चलेगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार आज भेदभाव की निति पर काम कर रही है उसको लेकर भी कहा कि एक पीड़ित को 50 लाख और दलित की मौत पर 5 लाख रूपए देकर अपमानित करने का काम कर रही है।




### दलित समाज को एकजुट होकर मनुवादी विचारधारा वाली सरकार को उखाड़ फेंकना होगा

अब दलित समाज को एकजुट होकर ऐसे मनुवादी विचारधारा वाली सरकार को अब उखाड़ फेंकना का आह्वान किया। संगठन के कार्यकर्ताओं को जाति तोड़कर समाज को एक करने को कहा। इस मौके पर भीम आर्मी जिला संयोजक विक्रम प्रसाद जोया ने कहा कि आज 70 साल बाद भी मूंछ रखने से जितेन्द्र मेघवाल कि हत्या की गई। आज जिले में कभी जाति के नाम पर अपमानित करने जिसे मामले सामने आ रहें हैं। खींवसर थाने के अन्तर्गत कल दलित समाज के दो लोगों पर ट्रक चढ़ाकर मार दिया गया।


### भाजपा व कांग्रेस दोनों दलित-मुस्लिम विरोधी

कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलित मुस्लिम विरोधी हैं। इस मौके पर भीम आर्मी मकराना तहसील की कार्यकारिणी में भी बदलाव किया गया अध्यक्ष के रूप में माधेव राम बावरी को नियुक्ति किया यह जिम्मेवारी देते हुए भीम आर्मी जिला संयोजक ने कहा कि मिशन और संगठन के प्रति समर्पित होकर दिन दोगुनी रात चौगुनी काम करने को निर्देशित किया। भीम आर्मी मकराना विधानसभा अध्यक्ष गौपाल मेघवाल, परबतस में आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष प्रकाश बाणियां, कुचामन में नावां विधानसभा प्रभारी रामनिवास जाटोलिया ने कहा कि आज हमें एक जुट होकर ताकत दिखाने की जरूरत है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमाराम मलिण्डा कुचामन तहसील प्रभारी ओमप्रकाश कांसोटिया, खींवसर तहसील अध्यक्ष महेन्द्र भाटी, हिरालाल बोरावड़ व अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारियों मौजूद रहे।

# 18 घंटे भी काम नही कर पाया पावर ट्रांसफार्मर

- निर्बाध बिजली पाने का सपना हुआ चूर
- एफ.आई.एस. टीम की जांच के दो घन्टे बाद ही जल गया ट्रांसफार्मर

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड 33 केवी जीएसएस में विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया और ट्रांसफर महज 18 घंटे में ही जलकर बंद हो गया। जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के प्रयासों पर मंगलवार को 5 मेगा वाट का एक पावर ट्रांसफॉर्मर मेड़ता रोड जीएसएस में लगाया गया। ट्रांसफार्मर लगने के साथ ही कार्यवाहक सहायक अभियंता सुनील बाजिया ने जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने एवं वोल्टेज समस्या से निजात की बात कह कर खुशी जताई थी।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मेड़ता रोड जीएसएस पर विद्युत उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति दिलवाने का प्रयास कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों को उस समय भारी धक्का लगा जब मंगलवार को जीएसएस पर लगाए गए एक पावर ट्रांसफॉर्मर के बाद खुशियां मनाई और वह पावर ट्रांसफार्मर महज 18 घंटे में ही जलकर बंद हो गया। गौरतलब बात है कि इस पावर ट्रांसफार्मर जलने से महज 2 घंटे पूर्व ही एफ आई एस के कार्यवाहक सहायक अभियंता रामनिवास पिचकिया द्वारा मेड़ता रोड पहुंचकर ट्रांसफार्मर के कार्य की समीक्षा की गई थी। बताया जा रहा है कि जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों के पश्चात मेड़ता रोड जीएसएस को दिया गया पावर ट्रांसफॉर्मर रिपेयर कर तैयार किया गया था जो अपनी सेवाएं नहीं दे सका।

इस जीएसएस से निकलने वाले सात फीडरों से मेड़ता रोड, छापरी, खेड़ूली, जारोडा ग्राम पंचायतों के तकरीबन 35 से 40 गांव और बड़ी ढाणियां में विद्युत आपूर्ति की जाती है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़े के तहत की गौ सेवा

- शहर की मुनि आश्रम के पीछे गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़ व दवा बनाकर खिलाई गई
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर कार्यकर्ता मना रहे हैं सेवा पखवाड़ा



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा शहर की मुंशीनाथ आश्रम के पीछे कबीर गौशाला में पहुंचकर यहां पर गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। इसके साथ ही लंपी संक्रमण से बचाव के लिए दवाई बनाकर गोवंश को खिलाई गई। इस मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री विनोद भाटी व भाजपा नेता कैलाश जांगिड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी के क्रम में गुरूवार को गौशाला में कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा कर आमजन को भी गौ सेवा के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम बोराणा, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र वर्मा, राम कुमार जांगिड़,भाजपा नेता नारायण पारीक,कैलाश जांगिड़, रामेश्वर घांची, सीपी पुजारी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश रूणवाल, युवा मोर्चा महामंत्री रणजीत वैष्णव, पूसादास वैष्णव, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, युवा मोर्चा महेश सैन, राम किशोर व्यास , अमित टाक, डीडी चारण, भरत मेघवाल मौजूद रहे।

# कोऑपरेटिव सोसायटी दीपपुरा के लगातार दूसरी बार चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित हुए चेनाराम गुर्जर

### पूरे गांव से डीजे व गाड़ियों के काफिले के साथ संचालक मंडल का निकाला विजय जुलूस

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम पंचायत दीपपुरा की ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव में गुरुवार को संपन्न हुए। लगातार दूसरी बार सहकारी समिति अध्यक्ष पद पर चेनाराम गुर्जर दीपपुरा निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष प्रभुराम कुमावत, संचालक मंडल सदस्य जितेंद्रसिंह, हनुमान गुर्जर, श्रीराम गुर्जर सुजानपुरा, सुभाष कुमावत, देवेंद्रसिंह, धन्नाराम, सुरेश कुमार, श्यामलाल मेघवाल, राजुदेवी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी लीलाराम प्रजापत व व्यवस्थापक श्रीराम गुर्जर सहित व्यवस्थापक ने शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चेनाराम गुर्जर ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से गांव-ढाणी के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का पूरा प्रयास करेंगे।



### सम्मान समारोह हुआ आयोजित

दूसरी बार सहकारी समिति अध्यक्ष के पद पर चेनाराम गुर्जर सहित संचालक मंडल के निर्विरोध चुने जाने पर विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस समिति कार्यालय से बालाजी मंदिर व देवनारायण मंदिर ने पहुंचकर दर्शन किए। वापस सुमेरसिंह जी की ढाणी में स्थित गुर्जर फार्म हाउस पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विजय जुलूस का जगह-जगह ग्रामीण किसानों ने पलक-पावडे बिछाते हुए माला व साफा पहंनाकर सम्मान किया। ग्रामीण, किसानों ने डीजे पर नाचते- गाते हुए जुलूस निकाला।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रभुराम पोषक, डॉ. रामकुमार गुर्जर, कुंदनसिंह, पूर्व मंडल सदस्य रामनिवास पोषक, गोपाल गुर्जर सुजानपुरा, पूर्व सरपंच घासीराम गुर्जर, नरेंद्र भड़ाना, धनराज गुर्जर, चेतन गुर्जर, प्रभुसिंह, महेंद्रसिंह दीपपुरा, पिंटू पोषक, रामचंद्र चेची, एडवोकेट हीराराम गुर्जर, पूर्व बीईओ गंगाराम चाड़, सुरेश गुर्जर हनुमानपुरा, शिवजीराम बागड़ी, भंवरलाल बारवाल, हरिराम गुर्जर दीपपुरा, डीलर भंवराराम कड़वा, त्रिलोक गुर्जर नाका, संग्रामसिंह दीपपुरा, ज्ञानाराम कुमावत सहित बड़ी संख्या में किसान ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्लाज्मा दान कर भूणी ने पेश की इंसानियत की मिसाल



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** समीपस्थ भूणी निवासी समाजसेवी व मंदिर पुजारी कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण वैष्णव भूणी ने जरूरतमंद को अपना प्लाज्मा दान कर मानवता की बेहतरीन मिसाल पेश की है। उन्होंने एक फोन पर किसी के जीवन के लिए जरूरी एवं पुण्यदान जो कि प्लेटलेट्स के लिए रक्तदान किया। चौमू के जाने माने हॉस्पिटल में नरेन्द्र मेघवाल को प्लेटलेट्स की तत्काल जरूरत पड़ गई। वैष्णव को उनके मित्र दातार गुर्जर का रात 11 बजें फोन आया और ए नेगेटिव ब्लड की तत्काल आवश्यकता बताई और समय अभाव की भी जानकारी दी गई। भूणी ने तुरन्त निर्णय कर तत्काल वहां पहुंचने की बात कही और हॉस्पिटल पहुंचकर स्वयं द्वारा ए नेगेटिव ब्लॅड रक्त समूह की प्लेटलेट्स दान की गई।

नरेन्द्र मेघवाल के परिजनों द्वारा इस नेक और मानवीय कार्य के लिए नारायण वैष्णव भूणी का आभार व्यक्त किया गया। वैष्णव परोपकार और सेवा कार्यों में अनेकों युवाओं के लिए बहुत बड़े प्रेरणा स्त्रोत हैं।

# सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को दिलाया संकल्प



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** डेगाना शहर के टैगोर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को जीवन विज्ञान एवं प्रशिक्षण सप्ताह के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संत शिरोमणी आचार्य श्रीमहाश्रमण की शिष्या साध्वी संपूर्णयशा और साध्वी मेघप्रभा ने बच्चों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न तरह के विभिन्न परेड की क्रियाओं का अभ्यास करवाया व बच्चों को बताया कि इस तरह वो अच्छे विचारों व अच्छे कार्यों के द्वारा ही वो एक अच्छे इंसान बन सकते हैं। साध्वी ने बताया कि अच्छा इंसान ही एक सशक्त व अच्छा समाज बना सकते है। साध्वी ने सभी बच्चों को जीवन में नशे से दूर रहने व जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर तेरापंथ समाज के द्वारा स्कूल निदेशक हरीश चौधरी को एक पुस्तक भी भेंट की गई इस अवसर पर स्कूल प्रबंध निदेशक बी आर चौधरी, ताराचंद कोठारी, आशीष जैन सहित विद्यालय प्रधानाचार्या, स्कूल स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

# फॉलोअप शिविर में रोगियों को जांच कर दी दवाइयां



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से गत 14 सितंबर को आयोजित नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर मे ऑपरेशन किये गये रोगियों का फॉलोअप शिविर माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया।

ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया शिविर में शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर की टीम ने ऑपरेशन हुये 67 रोगियों की पुन: जांच की, जिसमें सभी के नेत्र ज्योति अच्छी पाई गई एवं सभी को एक माह तक दवा डालने के साथ आंख को पानी ओर धूल धुंआ एवं धूप से बचाव रखने की सलाह दी गई तथा क्लब द्वारा रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई। सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना ने बताया रोगियों को 12 अक्टूबर को पुन: बुलाया गया है उस समय चश्मे वितरित किए जाएंगे। उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, राकेश खिलेरी, दिनेश मालपानी ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# भाजपा ने की अनुसूचित जनजाति पदाधिकारियों व सदस्यों की नियुक्ति

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद आर्य व कुचामन भाजपा मंडल अध्यक्ष मूलचंद बागड़ा की अनुशंसा पर शहर मंडल अनुसूचित जनजाति कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई। भाजपा कार्यालय कुचामनसिटी में अनुसूचित जाति मोर्चा की नवगठित कार्यकारिणी का साफा माला व पार्टी दुपट्टा पहनाकर हरीशचन्द्र कुमावत, पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष मूलचंद बागड़ा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद आर्य द्वारा कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव : प्रतियोगिताओं में अग्रवाल समाज के बच्चों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान कुचामन शहर के सब्जी मंडी स्थित अग्रवाल भवन में चल रहे प्रतियोगिताओं के दौरान अग्रवाल महिला मंडल द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें महिला मंडल द्वारा 'सजना हैं मुझे सजना के लिए' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लेकर अग्रवाल समाज की अखंडता और एकता का परिचय दिया। सजना है मुझे सजना के लिए प्रतियोगिता की संयोजिका निर्मला खोखरिया एवं कविता शेखराजका रही। इसमें प्रथम स्थान पर अनुजा सांगलियावाले, द्वितीय स्थान पर मोनिका मिठडी वाले रहे। इसी क्रम में युवती वर्ग की हवा टाइट प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम स्थान पर दृष्टा बुडसू वाला एवं द्वितीय स्थान पर विधि अग्रवाल रही। इस प्रतियोगिता की संयोजिका विनीता अग्रवाल और अनिता मंडावाला रही। इस दौरान किरण भाड़ासरवाले, मीना मोर, सोनू मोर, संगीता, सुनीता मित्तल, नेहा गोयल, रीमा गोयल, दीपा भोमराजका, अनिता गुप्ता, निर्मला मोर, सुमन बुडसुवाला आदि मौजूद रही।

वहीं 20 सितंबर 2022 को कक्षा 1 से 3 की जंपिंग ब्लास्ट प्रतियोगिता का आयोजन सांय 4 बजे से हुआ। इस प्रतियोगिता के संयोजक गणेश रामचंद्रका और कृष्णा मोर रहें। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सौर्य मोर एवं द्वितीय स्थान पर रिदांत खोखरिया रहे। तत्पश्चात् कक्षा 7 से 10 की पोंग टेक टॉय का आयोजन सांय 6 बजे हुआ। इस प्रतियोगिता के संयोजक लक्ष्मीकांत बंसल और विपिन बेडवावाले रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अखिल डालूका और दूसरे स्थान पर सृष्टि डालूका रही। इस दौरान समाज समिति के सदस्य चिरंजीलाल मंगरासीवाला ने बच्चो को खेलकूद के प्रति जुड़ाव के लिए प्रेरित किया।



### केसरिया ध्वज मुहिम से आएगा अग्रबंधुओं में एकता व समानता का भाव

इस मौके पर कुचामन के अग्रबंधुओ के बीच एकता और समानता का भाव लाने के लिए हर घर केसरिया ध्वज मुहिम चलाई जा रही है। यह अभियान कुचामन शहर में चलाया जा रहा है। इस दौरान करीब 500 ध्वज तैयार करवाए गए है। इन्हे अलग अलग इकाइयों द्वारा घर घर पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान नथमल शेखराजका, गिरधर गोपाल मोर, सुरेश कुमार मोर, गोपाल लाल बंसल, नंद लाल मोर, मुन्ना लाल रामचंद्रका, राजेश आकोदावाले, परमानंद मंडावाला, जगदीश लांबावाले, सत्यनारायण मोर, दामोदर स्नेही, श्यामसुंदर खोखरिया, नवल डालुका, रामअवतार बांसावाला, राजकुमार बरवालीवाले, शेखर रामचंद्रका, मुरली बांसावाला, संजय खोखरियां, लोकेश मोर, अंकित बरवालीवाले, अंकित मोर, जयप्रकाश बंसल, अनिल मिठडीवाला, शुभम बंसल, रवि मिठडीवाला, विपिन कामदार, लक्षित अग्रवाल आदि अग्रवाल समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा की तर्ज पर अग्रवाल समाज पूरे कुचामन में 3 दिन तक फहराएगा केसरिया ध्वज

अग्रवाल समाज कुचामन सिटी ने हर घर तिरंगा की तर्ज पर 5146 वे अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय 24 से 26 सितंबर तक हर घर केसरिया ध्वज फहराने का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए कुचामन शहर के लिए लगभग 500 ध्वज तैयार करवाए गए है। इन्हें अलग अलग इकाइयों के माध्यम से अग्र बंधुओ के घरों तक पहुंचाया जाएगा। यह निर्णय अग्रवाल समाज समिति कुचामन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आशीष बुडसुवाला ने बताया की इस अभियान का मकसद नई पीढ़ी को अपनी विरासत से अवगत करवाना है। अग्रवाल नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष शिवम गोयल ने बताया अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन सूर्यवंशी थे। उनका राज ध्वज केसरिया था। इसके मध्य में 18 किरणों वाले सूर्य का चित्र था। केसरिया बलिदान का भी प्रतीक है। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सांभर वाला ने बताया की अग्रवाल समाज ने हमेशा देश और समाज के लिए बलिदान दिया है। 26 सितंबर को महाराजा अग्रसेन का 5146वां जन्मोत्सव है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com